## आज का विचार

उसी का मानव जीवन सफल है जिसके जाने के बाद उसके द्वारा की गई सेवा, स्नेह व समाज को दिये योगदान को चिरस्मृति के रूप में याद किया जाता रहे।

(शिवकुमार त्रिवेदी चिंतन सरिता)

## कड़वी घूंट -सूरज

### नैतिकता ...

**नैतिक मूल्यों की** गिरावट के चलते हर कोई संदेह व्यक्त कर आरोप लगा देता है। राजनीतिज्ञों से तो मानो नैतिकता की उम्मीद ही नहीं रही, क्योंकि इनके खाने और दिखाने के दांत अलग होते है लेने और देने के बाट अलग होते है। सत्ता में और विपक्ष में होने पर मुद्दे अलग होते है जो बात विपक्ष में रहते गलत मानते थे वहीं बात सत्ता में आने पर सही मानने लगते ळे। यह तय कर पाना ही कठिन हो जाता है कि उनकी कौनसी बात को सही माने।

विपरित इसके इन्ही राजनीतिज्ञों ने ओाी भी ऐसे नेता है जिनकी आस्था नैतिक मूल्यों से जुड़ी है पद प्रतिष्ठा से भी आगे बढ़ कर वे नैतिकता को प्राथमिकता देते है। किसी भी आरोप के लगते ही नेता बाव की मुद्रा में आ जाते है लेकिन ऐसे नेता भी है जो खुद आगे बढ़कर खुद को कसौटी पर कसने में देर नहीं करते।

हां लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी ऐसे बिरले नेताओं में सुमार है जो खुद को कसौटी पर कसने को तत्पर है। विपक्ष ने 118 सांसदों ने उनके विरूद्ध अविश्वास का नोटिस दिया तो उन्होंने फैसला कर लिया कि जब तक इस पर मतदान नहीं हो जाय सदन में नहीं जायेंगे। यहीं नहीं सचिवालय ने नोटिस में शामिल पाई तो बिरला ने बाकायदा निर्देश दिया कि उन खामियों को सुधार कर अगली प्रक्रिया पर अमल किया जाय अर्थात प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाय। अब यह आप जानो कि कोई ओर होता तो खामियों की आड में बच निकलने का रास्ता ढूंढता लेकिन बिरला जी ने खुद प्रक्रिया आगे बढ़ाने को कहा है जो नैतिकता का अद्भुद उदाहरण है।

# दूल्हे ने लौटाये तिलक में मिले ढाई लाख एक रुपए व नारियल लेकर दी मिसाल

### दहेज-मुक्त समाज बनाने का दिया संदेश

**लोकजीवन न्यूज सर्विस, सवाईपुर**

क्षेत्र के गेंदलिया गांव में एक शादी समारोह ने दहेज प्रथा के खिलाफ मजबूत संदेश दिया है । शादी में तिलक की रस्म के दौरान दूल्हे के पिता ने दहेज में दिए गए 2 लाख 51 हजार रुपये लौटा दिए, उन्होंने शगुन स्वरूप सिर्फ 1 रुपया और नारियल स्वीकार किया ।

उनका कहना था कि शादी कोई सौदा नहीं, बल्कि रिश्तों का बंधन है. उन्हें बहू नहीं, बेटी चाहिए, इस फैसले की अब भीलवाड़ा व अजमेर जिले में चर्चा हो रही हैं । ग्रामीण विष्णु सेन ने बताया कि कल मंगलवार को सवाईपुर क्षेत्र के गेंदलिया गांव से आर्यन सिंह राणावत पिता ठा. भंवर सिंह राणावत बारात लेकर अजमेर जिले के गोयला निवासी राजेंद्र सिंह राठौर यहां पहुंचे, जहां राजेन्द्र सिंह की पुत्री कोमल कंवर के साथ



विवाह हुआ, तिलक की रस्म के दौरान वधु पक्ष के परिवार ने दूल्हे आर्यन सिंह का स्वागत किया । दूल्हे को तिलक में 2,51,000 रुपये दिए, जिसमें दूल्हे ने एक रुपया और एक नारियल शगुन के रूप में स्वीकार किया । इस प्रकार दहेज-मुक्त समाज बनाने का संदेश दिया । दूल्हे आर्यन सिंह ने कहा कि उनका परिवार हमेशा से दहेज प्रथा के विरोधी रहा हैं और किसी भी प्रकार का आर्थिक उपहार स्वीकार नहीं करता हैं । उनके अनुसार, विवाह दो परिवारों के बीच आपसी सम्मान और विश्वास का रिश्ता है, जिसमें वित्तीय लेन-देन जैसी बुराइयों का कोई स्थान नहीं होना चाहिए । उन्होंने राजपूत समुदाय से इस प्रथा को छोड़ने का आग्रह किया । तिलक लगाने की रस्म को वापस लौटने के लिए सभी ने दूल्हे के पक्ष की सराहना की।

# स्वच्छता के बैनर तले गंदगी

### हाल-ए-खजूरी ग्राम पंचायत कार्यालय

**लोकजीवन न्यूज सर्विस, जहाजपुर**

स्वच्छ भारत मिशन अभियान के नाम पर सरकार द्वारा साफ सफाई के लिए भले ही लाखों रुपए खर्च किए जा रहे है। लेकिन खजूरी कस्बे में स्वच्छ भारत मिशन अभियान की जमकर धज्जियां उड़ रही है। खजूरी कस्बे की साफ सफाई रखने की जिम्मेदारी पंचायत पर लेकिन पंचायत कार्यालय के बाहर जमा गंदगी ओर सड़क पर बहता नाली का गन्दा पानी का आलम यह हे तो कस्बे की साफ सफाई का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है। खजुरी पंचायत कार्यालय के बाहर की दीवारों पर लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का नारा लिखा हुआ है आओ मिलकर कदम बढ़ाए ग्राम पंचायत को स्वच्छ बनाए,एक कदम स्वच्छता की ओर,गंदगी से बढ़े बीमारी



स्वच्छता की करो तैयारी जैसे स्लोगन जरूर लिख रखे हे लेकिन पंचायत कार्यालय के बाहर धरातल पर इसके विपरीत हालत है। कस्बे के लोगों ने बताया कि पंचायत कार्यालय के बाहर कई दिनों से गंदगी फैली हे लेकिन जिम्मेदारो ने चुप्पी साध रखी है। जिसके चलते पंचायत कार्यालय में कार्य से आने वाले लोगों को गंदगी ओर सड़क पर फैल रहा गंदा पानी लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। वही खजूरी कस्बे में जहाजपुर काछोला मार्ग पर भी जगह जगह गंदगी के ढेर लगे हुए है।

## बदनोर पुलिस ने किया लूट गैंग का पर्दाफाश, 4 बदमाश गिरफ्तार

**भीलवाड़ा।** बदनोर थाना पुलिस ने बाइक सवार युवक के साथ हुई लूट की वारदात का खुलासा करते हुए 4 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह घटना 6 फरवरी की है, जब पीड़ित चेतन सिंह अपनी बाइक से घर जा रहा था। बड़ाछ से भादसी मार्ग पर एक स्विफ्ट कार में सवार बदमाशों ने उसकी बाइक के आगे गाड़ी लगाकर उसे रोका और मारपीट कर 4200 रुपये लूट लिए। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर की सूचना पर पारस नाथ, नरेश नाथ, गौतम नाथ और अनिल नाथ को हिरासत में लिया। पूछताछ के बाद आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया, जिसके बाद पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त कार और लूटी गई नकदी बरामद कर ली है। पकड़े गए आरोपी भीलवाड़ा और ब्यावरा जिले के निवासी हैं। पुलिस अब इनसे अन्य संभावित वारदातों के बारे में पूछताछ कर रही है।

## भजन संध्या 14 फरवरी को

**सवाईपुर।** कस्बे के निकटवर्ती बनकाखेड़ा गांव में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा । समिति के सदस्य कमलेश राव ने बताया कि नवयुवक मंडल शिव नगर एवं समस्त ग्रामवासी बनकाखेड़ा के द्वारा महाशिवरात्रि महोत्सव के पावन पर्व पर विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विद्यालय मैदान में 14 फरवरी शनिवार महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर युवराज वैष्णव एंड पार्टी के द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी, उनके साथ श्यामलाल गुर्जर व ओम धर्मावत भी भजनों की प्रस्तुतियां देंगे ।


## RANJAN POLYSTERS LIMITED

Regd. Office: 11-12th K.M Stone, Chittorgarh Road, Guwardi, Bhilwara- 311001 (Rajasthan).
Email: ranjanpoly@gmail.com, Website: www.ranjanpolysters.com
CIN: L24302RJ1990PLC005560, Tel No.- 01482-320925, 26, 27, 249095

**EXTRACT OF UNAUDITED STANDALONE FINANCIAL RESULT FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED 31STDECEMBER, 2025**

*(Rs. in Lacs, except as stated)*

| Sr. No. | Particulars | Unaudited | | | | Audited |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | Nine Month Ended | | Year Ended |
| | | 31.12.2025 | 31.12.2024 | 31.12.2025 | 31.12.2024 | 31.03.2025 |
| 1. | Total Income from Operations (Net) | 2022.68 | 2066.05 | 6977.09 | 6414.14 | 8562.73 |
| 2. | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 305.63 | 287.57 | 898.94 | 871.83 | 1097.40 |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the period before Tax(after Exceptional and/or Extraordinary items) | 305.63 | 287.57 | 898.94 | 871.83 | 1097.40 |
| 4. | Net Profit / (Loss) for the period after Tax(after Exceptional and/or Extraordinary items) | 228.57 | 214.57 | 670.12 | 684.37 | 852.41 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 226.60 | 212.88 | 664.20 | 679.27 | 844.52 |
| 6. | Equity Share Capital (Face Value Rs. 10/- each) | 300.09 | 300.09 | 300.09 | 300.09 | 300.09 |
| 7. | Reserve excluding Revaluation Reserve as per balance sheet of previous accounting year. | | | | | 2454.05 |
| 8. | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations)- 1.Basic | 7.62 | 7.15 | 22.33 | 22.81 | 28.41 |
| | 2. Diluted | 7.62 | 7.15 | 22.33 | 22.81 | 28.41 |

**Note:-**

1 The above unaudited standalone financial results have been reviewed and recommended by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meeting held on 10thFebruary, 2026 at Bhilwara. The Statutory auditors have carried out a limited review of the results for the quarter and nine months ended 31stDecember, 2025.

2 The financial statements of the Company have been prepared in accordance with Indian Accounting Standards (Ind AS) notified under Companies (Indian Accounting Standard Rules, 2015) as amended by the Companies (Indian Accounting Standard Rules, 2015) Amendment Rules, 2016, prescribed under section 133 of the Companies Act, 2013 and other recognized accounting practices and policies to the extent applicable.

3 The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/ Nine month ended Financial Results is available on the Stock Exchange website, www.msei.inand on the company's website, www.ranjanpolysters.com.

4 The Central Government has enacted a unitifed framework comprising four labour codes i.e. the Code on Wages 2019, the Code on Social Security,2020, the Industrial Relations Code,2020 and the Occupational Safety, Health and Working Conditions Code 2020 (Collectively referred as "Labour Codes").These Labour Codes have been made effective from 21stNovember, 2025 and the draft Central Rules and FAQs have been published by the Ministry of Labour and Employment to enable assessment of the financial impact due to changes in these regulations.As the company's current wages structure is aligned with the requirement of new labour codes, no incremental liability is expected in respect of gratuity and leave obligations. The company will evaluate the impact of these labour codes upon notification of rules, State level regulations by the Government and impact, if any, will be recognised accordingly

Date: 10th February 2026
Place: Bhilwara

By the order of the Board
Sd/
Mohit Kumar Bhimsaria
Director
DIN No. 00389098



## कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांकः नियमन/2026/एल.डी.-323745 दिनांकः 09/02/2026

### -: आम सूचना :-

एतद् द्वारा राजस्व ग्राम केवाड़ा की आराजी सं. 229, 231, 232, 233, 234, 241, 789/238, 790/229 के भूखण्ड़ संख्या 150 के नियमन बाबत्।

उपरोक्तानुसार आवेदक श्री अरविन्द कुमार पुत्र श्री रामनिवास पोरवाल ने राजस्व ग्राम केवाड़ा की आराजी सं. 229, 231, 232, 233, 234, 241, 789/238, 790/229 के भूखण्ड़ संख्या 150 साईज 25X40 जरिये पंजीकृत अपंजीकृत दस्तावेज से क्रय किया है। उपरोक्त भूखण्ड गृह निर्माण सहकारी समिति/खातेदार जगदीश प्रसाद पिता सोहन लाल महाजन, घनश्याम लाल पिता भंवर लाल भदादा से क्रय कर अन्तिम क्रेता श्री अरविन्द कुमार पुत्र श्री रामनिवास पोरवाल ने उक्त भूखण्ड का नियमन उपरान्त पट्टा चाहा है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस भूखण्ड के नियमन बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति या सम्बन्धित को कोई उजर/एतराज/आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से सात दिवस में न्यास में अपनी आपत्ति मय सबूत दस्तावेज प्रस्तुत करे। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या सम्बन्धित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नहीं की जावेगी तथा भूखण्ड के नियमन बाबत् अग्रिम कार्यवाही आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए सम्पादित कर दी जायेगी तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

विशेषाधिकारी (भूमि)
नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा



## ADPC SMSA BHILWARA

E-Mail: adpcsmsabhilwara@gmail.com

**NOTICE INVITING e-BID (NIB: 25/2025-26)**

Open Competitive Bidding for Supply and Installation of Dual Desk Furniture in SVGM Schools up to 6.00 PM of dated 12.02.2026 Other details may be seen in the Bidding Document at State Public Procurement Portal website www.sppp.rajasthan.gov.in and e-Proc portal.

Estimated cost: **55.00 lacs**

**UBN No. RSE2526GLOB06595**

**DIPR/C/2277/2026** **ADPC SMSA BHILWARA**



## Office of the Executive Engineer, PHED, Dn. Shahpura

No.EE/SHP/2025-26/4865-4895 Dated:- 02.02.2026

**NOTICE INVITING 91/2025-26 (NIB Code-PHE2526A5985)**

Tenders are here by invited for the following works (ENIT No. 91/2025-26). The tender documents can be downloaded from website https://eproc.rajasthan.gov.in & **https://sppp.rajasthan.gov.in** The details of this tender notification including the eligibility criteria can be seen on the website.

| NIT No. | UBN No. |
|---|---|
| 91/25-26 | PHE2526WSOB12819 |

**"Save Water Save life"**

**DIPR/C/2481/2026**

**(Mayank Kumar Sharma)**
**Executive Engineer**
**PHED Dn. Shahpura**



## नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांकः नियमन/2026/एन-30812/ 1954 दिनांकः 04/2/2026

### -:: सार्वजनिक उजरदारी ::-

एतद् द्वारा श्री मोहम्मद असलम पुत्र श्री अब्दुल अजीज मुसलमान शेख द्वारा राजस्व ग्राम भीलवाड़ा की आराजी 666 गैर योजना में कृषि भूखण्ड संख्या 03 के स्थाई भूखण्ड संख्या डी-343 साईज 25X40=111.11 वर्गगज का नियमन नगर विकास न्यास भीलवाड़ा द्वारा दिनांक 29.08.2022 को जारी किया गया। भूखण्डधारी द्वारा पंजीयन करने हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त भूखण्ड श्री मोहम्मद असलम पुत्र श्री अब्दुल अजीज मुसलमान शैख के नाम पंजीयन करने हेतु सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम भीलवाड़ा की आराजी 666 गैर योजना में कृषि भूखण्ड संख्या 03 के स्थाई भूखण्ड सईज डी-343 साईज 25X40=111.11 वर्गगज के पंजीयन बाबत यदि किसी भी व्यक्ति या संबंधित को कोई उजर / एतराज / आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति मय सबूत/दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या संबंधित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नहीं की जावेगी तथा भूखण्ड का पंजीयन आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए कर दिया जायेगा तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

प्राधिकृत अधिकारी,
नियमन नगर विकास न्यास भीलवाड़ा



## नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांकः नियमन/2026/एन-30813 /1958 दिनांकः 4/2/2026

### ::- सार्वजनिक उजरदारी -::

एतद् द्वारा श्री मो. असलम पुत्र श्री अब्दुल अजीज शेख मुसलमान द्वारा राजस्व ग्राम भीलवाड़ा की आराजी 666 गैर योजना में कृषि भूखण्ड संख्या 4/1 के स्थाई भूखण्ड संख्या डी-342 साईज 10X40=44.44 वर्गगज का नियमन नगर विकास न्यास भीलवाड़ा द्वारा दिनांक 29.08.2022 को जारी किया गया। भूखण्डधारी द्वारा पंजीयन करने हेतु निवेदन किया है। अत उक्त भूखण्ड श्री मो. असलम पुत्र श्री अब्दुल अजीज शेख मुसलमान के नाम पंजीयन करने हेतू सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम भीलवाड़ा को आराजी 666 गैर योजना में कृषि भूखण्ड संख्या 4/1 के स्थाई भूखण्ड सख्या डी-342 साईज 10X40=44.44 वर्गगज के पंजीयन बाबत यदि किसी व्यक्ति या संबंधित को कोई उजर /एतराज/ आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति/ दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या संबंधित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत कि जाती है तो स्वीकार नहीं की जावेगी तथा भूखण्ड का पंजीयन आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए कर दिया जावेगा तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

प्राधिकृत अधिकारी,
नियमन नगर विकास न्यास भीलवाड़ा